**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**18.03.2020 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4037 का उत्तर**

**गोंडा और बिछिया के बीच अंडरपास**

**4037. श्री अक्षयवर लालः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के बिछिया स्टेशन से गोंडा जंक्शन के बीच निर्माणाधीन अंडरपासों की संख्या कितनी है और प्रत्येक अंडरपास की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई के मानकों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंडरपासों की कम लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई के कारण किसान अपनी कृषि उपज, गन्ना आदि को वाहनों पर लादने में सक्षम नहीं हैं;

(ग) क्या अंडरपास में जल भराव के कारण आवागमन में बहुत कठिनाई होती है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त कमियों को दूर करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार है?

**उत्तर**
**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

(क) और (ख): पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा जंक्शन से बिछिया स्टेशन के बीच कुल 32 अदद अंडरपास निर्मित किए जा रहे हैं। जिनमें से, 16 अदद अंडरपास पूरे हो चुके हैं तथा शेष अंडरपासों पर, कार्य प्रगति पर है। अंडरपासों में पर्याप्त ऊंचाई, चौड़ाई तथा लंबाई प्रदान की जा रही है, जिनमें से गन्ना तथा अन्य उत्पादों को लेकर जाने वाले वाहन गुजर सकते हैं।

**उपरोक्त को देखते हुए, किसान अपने कृषि उत्पाद, गन्ना आदि को वाहनों पर लादकर अंडरपास से ले जा सकते हैं।**

**(ग) और (घ): जी नहीं। वर्तमान में, कोई जलभराव नहीं है, क्योंकि अंडरपासों में आवाजाही में कोई कठिनाई नहीं है। हर अंडरपास पर सम्प वैल और कवर शेड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मानसून के दौरान, हर अंडरपास पर सम्प और पम्प व्यवस्था के ज़रिए पानी को बाहर निकाला जा रहा है।**

*********